निर्देश

मुख्यमंत्री ने कलेक्टर-कमिश्नर, एसपी-आईजी की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

अधिकारी फील्ड में रहकर जन समस्याओं का करें निराकरण

नवभारत, मंडला। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान जन समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रारंभ किया गया अभियान है। सरकार की प्राथमिकता वाले इस अभियान में सभी अधिकारियों को फील्ड में जाना ही है। सभी अधिकारी इस दिन फील्ड में रहकर अधिकतम जनसमस्याओं को मौके पर ही निराकृत करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब वे बिना कोई सूचना दिए आकस्मिक रूप से किसी भी जिले में उतरकर वहां जन विश्वास अभियान में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन जिलों में जनसमस्याओं की लंबित स्थिति बनी हुई है, वे कलेक्टर्स विशेष प्रयास कर लंबित प्रकरणों को न्यूनतम स्थिति में लेकर आएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग से कलेक्टर्स-कमिश्नर्स, एसपी-आईजी की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्प लाईन में सर्वाधिक लंबित शिकायतों वाले विभागों क्रमश: राजस्व विभाग,



महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, पीएचई के वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल विभागीय स्थिति सुधारने के निर्देश दिए।

कम प्रगति करने वालों के विरूद्ध जताई नाराजगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शून्य प्रगति वाले हल्कों की जानकारी मिलने पर रीवा, शहडोल एवं धार जिला कलेक्टर को तत्काल प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए। मुख्य सचिव श्री बर्णवाल ने स्वामित्व योजना में न्यूनतम प्रगति वाले 10 जिलों के कलेक्टर्स पर सख्त नाराजगी व्यक्त कर फौरन सुधार लाने को कहा। उन्होंने कहा कि जिन पटवारी हलकों में काम शुरू नहीं हुआ है, वहां तत्काल काम प्रारंभ कराएं।

नगरीय निकायों के कामों को भी पूरा कराएं

बैठक में वर्षा के बाद निर्माण कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाने के संबंध में भी चर्चा हुई। प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग ने बताया कि सड़कों की मरम्मत एवं अन्य निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इनमें नगरीय निकायों के अपूर्ण कामों को भी शामिल कर लिया जाए और इन्हें तेजी से पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि वर्षा से क्षतिग्रस्त सड़कों की आवश्यक मरम्मत का काम दीपावली से पहले पूरा करा लें।

अब तक 1 .60 लाख रजिस्ट्रियां हुईं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026 योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को स्वामित्व से सम्मान, निरूशुल्क रजिस्ट्री के महा अभियान की भी समीक्षा की। बताया गया कि इस योजना के अंतर्गत 21 अक्टूबर 2026 की स्थिति में कुल 49 लाख 48 हजार 980 प्लाट्स की नि:शुल्क रजिस्ट्री के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 1 लाख 60 हजार 230 नि:शुल्क रजिस्ट्रियां की जा चुकी है।

मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस समारोह

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 1 नवम्बर को भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस समारोह भव्य स्तर पर आयोजित किया जाए। इस अवसर पर कृषि एवं इससे जुड़े विषयों पर केंद्रित प्रदर्शनी भी लगाई जाए। बताया गया कि इस वर्ष मप्र के स्थापना दिवस समारोह में बालीवुड की प्रसिद्ध गायिका सुश्री मोनाली ठाकुर अपनी प्रस्तुती देंगी। बैठक में आगामी दिनों में होने वाली गोवर्धन पूजा के कार्यक्रमों पर भी विमर्श किया गया।

मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए करें विशेष उपाय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मौसम परिवर्तन के कारण नागरिकों को होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिये विशेष उपाय करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह नागरिक स्वास्थ्य से जुड़ा विषय है, सभी सावधानी बरतें। बताया गया कि मौसमी बीमारियों के लिए प्रदेश के सभी जिला चिकित्सालयों और शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में विगत 15 अक्टूबर से चेस्ट क्लीनिक प्रारंभ किए गए हैं। मौसमी रोगों की पहचान एवं उपचार की भी विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं।



1 माह में ही गिर गई पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई बाउंड्री वॉल

गुणवत्ता व बच्चों की सुरक्षा पर खड़े हो रहे सवाल, नवोदय विद्यालय द्वारा दी गई थी राशि

नवभारत, मंडला। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा नवोदय विद्यालय पदमी के परिसर में बनाई गई बाउंड्री वॉल एक माह के अंदर ही गिर गई लेकिन अब इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे विभाग के कार्यों की गुणवत्ता एवं बच्चों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार विद्यालय की क्षतिग्रस्त 40 मीटर बाउंड्री वॉल को पुन: निर्मित कराने के लिए मार्च 2023- 24 में विद्यालय द्वारा पीडब्ल्यूडी विभाग को बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए 5 लाख 36 हजार रूपए दिए गए थे और विभाग ने जून 2025 को कार्य पूर्ण कर दिया था लेकिन यह निर्माण कार्य जुलाई 2025 के प्रथम सप्ताह में ही एक माह के अंदर गिरकर ध्वसत हो गया है। यह बात सभी जिम्मेदारों के संज्ञान में है फिर भी दोबारा निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है।

पालकों की चिंता बढ़ी

अब तो विद्यालय में खतरनाक जानवर घुसने लगे हैं। जिससे पालकों की चिंता बढ़ गई है। विचारणीय विषय है कि जिस विद्यालय से पढ़कर अधिकांश लोग बड़े-बड़े प्रशासनिक पदों पर कार्य कर रहे हैं और तैयार किए जा रहे हैं। ऐसे में यहां के विद्यालय परिसर पर पीडब्ल्यूडी विभाग का ये गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य यहां के पढ़ने वाले बच्चों को क्या संदेश दे रहा है। हालांकि यह निर्माण कार्य विभाग के पूर्व इंजीनियर श्री भलावी की देखरेख में कराया गया था। मामला वर्तमान इंजीनियर त्रिपाठी मैडम के संज्ञान में भी है फिर भी निर्माण कार्य को पूर्ण कराने की दिशा में समय पर कदम नहीं उठाया जा रहा है। जबकि मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान पदस्थ विभाग की इंजीनियर मैडम त्रिपाठी सतना के नवोदय विद्यालय की छात्रा रह चुकी हैं। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है की इस बाउंड्री वॉल को अब शीघ्र बनाया जाएगा।

नैनपुर की बेटी ने गरबा में जीता प्रथम पुरस्कार



नवभारत, नैनपुर। कालरात्रि समिति मंडला द्वारा आयोजित गरबा कार्यक्रम में नगर की बेटी निकिता भोरेल पिता किशोर भोरेल माता रानी भोरेल वार्ड क्रमांक 9 नैनपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया इस उपलब्धि के साथ निकिता ने डेढ़ लाख के पुरस्कार जीतकर नगर का नाम गौरवान्वित किया। निकिता की इस सफलता से नगर वासियों में हर्ष का माहौल है उनकी उपलब्धि ने यह साबित किया है की प्रतिभा मेहनत और लगन के बल पर किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल की जा सकती है। निकिता की उपलब्धि पर परिजनों ईस्ट मित्रों एवं नगर वासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम पर अनुदान के लिए 29 तक करें आवेदन

नवभारत, मंडला। कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा किसानों को अनुदान पर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम उपलब्ध कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कार्यालय सहायक कृषि यंत्री, कृषि अभियांत्रिकी, पौंडी, महाराजपुर, मण्डला से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इच्छुक एवं पात्र किसान 29 अक्टूबर तक निर्धारित पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदनों के आधार पर 30 अक्टूबर 2026 को लॉटरी के माध्यम से चयन प्रक्रिया संपन्न की जाएगी।

50 से अधिक महिलाओं ने किया सामूहिक पूजन

महाकाली दरबार में धूमधाम से मनाया गया सुहागले पर्व

नवभारत, भुआ बिछिया। नगर के वार्ड नंबर 2, मुक्ति मार्ग में स्थित माता महाकालीका उत्सव समिति के दरबार में नवरात्रि का उत्साह चरम पर है। यहाँ पिछले 12 वर्षों से लगातार माता महाकाली की भव्य मूर्ति की स्थापना की जा रही है।

समिति की विशेष परंपरा के अनुसार माता की मूर्ति का विसर्जन नवरात्रि के तुरंत बाद नहीं, बल्कि शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर किया जाता है, जिससे भक्तों को लंबे समय तक माता के दर्शन और सेवा का सौभाग्य प्राप्त होता है।



उत्सव के प्रथम दिवस से ही समिति द्वारा प्रतिदिन नित नए धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में आज 12वें दिवस पर विशेष सुहागले कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माताओं-बहनों द्वारा गरबा कलश पूजन से हुई। कलश पूजन के पश्चात सभी महिलाओं ने माता के दरबार में भक्तिमय गरबा नृत्य कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। गरबा के पश्चात मुख्य कार्यक्रम सुहागले का शुभारंभ हुआ। विधि-विधान से माता महागौरी महाकालीका का पूजन-अर्चन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित 50 से अधिक सुहागिन महिलाओं ने सामूहिक रूप से माता को सुहाग सामग्री अर्पित कर अपने पति की दीर्घायु, परिवार की सुख-समृद्धि और सदा सुहागन रहने का आशीर्वाद माँगा। पूजन के उपरांत महिला मंडल अध्यक्ष शशि लता मिश्रा के द्वारा समस्त माता-बहनों को सुहाग की निशानी के रूप में चूड़ी, बिंदी, सिंदूर और माता का प्रसाद वितरित किया गया।

गूंजे महाकाली के जयकारे

पूरे कार्यक्रम के दौरान माता महाकाली का दरबार जयकारों से गूंजता रहा। उत्सव समिति के सदस्यों ने बताया कि आने वाले दिनों में भी शरद पूर्णिमा तक इसी प्रकार भजन, कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम जारी रहेंगे। पुजारी मदन गिरी गोस्वामी कोंरगांव, एवं पंडा अनुज उपाध्याय ने बताया माता महाकाली के दरबार में जो भी अच्छे मन से मन्नत मांगता है उसकी मन्नत पूरी होती है।

एक नजर में

मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए जिला स्तरीय हेल्प-डेस्क स्थापित

नवभारत, मंडला। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 कार्यक्रम के अंतर्गत मंडला जिले में जिला स्तरीय हेल्प-डेस्क स्थापित की गई है। हेल्प-डेस्क के माध्यम से मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन, नाम हटाने तथा पंजीकरण संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार हेल्प-डेस्क का दूरभाष क्रमांक 07642-250411 निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त मतदाता निर्वाचन आयोग के टोल-फ्री नंबर 1950 तथा आयोग के मोबाइल एप और बुक-ए-कॉल सुविधा के संबंध में भी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। हेल्प-डेस्क का संचालन 21 अक्टूबर 2026 से आगामी आदेश तक प्रतिदिन कार्यालयीन समय में प्रात: 10 बजे से शाम 6 बजे तक किया जाएगा।

नैनपुर थाने में विधि-विधान से हुआ शस्त्र पूजन

नवभारत, नैनपुर। धार्मिक आस्था, परंपरा और राष्ट्र सुरक्षा के संकल्प के साथ नैनपुर थाना परिसर में शस्त्र पूजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विधि-विधान से शस्त्रों की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने का संकल्प लिया। शस्त्र पूजन भारतीय संस्कृति की प्राचीन परंपरा है, जो शक्ति, साहस, कर्तव्य और अन्याय के विरुद्ध खड़े होने का संदेश देती है। पुलिस के लिए शस्त्र केवल सुरक्षा का साधन नहीं, बल्कि जनता की रक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी का प्रतीक भी हैं। इस अवसर पर पुलिसकर्मियों ने अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण व्यक्त करते हुए आम नागरिकों की सुरक्षा, अपराधों पर नियंत्रण और क्षेत्र में शांति बनाए रखने के संकल्प को दोहराया।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से ध्रुवी को मिला नया जीवन, सफल हृदय सर्जरी से लौटी मुस्कान

नवभारत, मंडला। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से ग्राम अंजनिया, तहसील बिछिया निवासी 11 वर्षीय ध्रुवी सोनी को हृदय रोग के उपचार में महत्वपूर्ण सहायता मिली।

जन्म से हृदय संबंधी समस्या से पीड़ित ध्रुवी को सांस फूलने और बार-बार अस्वस्थ होने की परेशानी थी। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण महंगे उपचार में कठिनाई आ रही थी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य



अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहंती ने बताया कि विकासखंड बिछिया में पदस्थ आरबीएसके टीम के डॉ. ओमप्रकाश पटेल एवं डॉ. किरण पंद्रे द्वारा विद्यालय में बच्चों की स्वास्थ्य जाँच के दौरान ध्रुवी के हृदय में छेद होने की जानकारी मिली। इसके बाद जिला चिकित्सालय मंडला में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत उसका पंजीयन कर शासन द्वारा सूचीबद्ध मेट्रो हॉस्पिटल रेफर किया गया। आयुष्मान भारत योजना के तहत उसकी जांच एवं उपचार की व्यवस्था नि:शुल्क कराई गई।

सफलतापूर्वक हुई हृदय सर्जरी- विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने ध्रुवी की हृदय सर्जरी सफलतापूर्वक की। उपचार के बाद उसके स्वास्थ्य में लगातार सुधार हुआ है और अब वह सामान्य रूप से दैनिक गतिविधियाँ कर पा रही है। ध्रुवी के परिजनों ने शासन-प्रशासन, जिला कलेक्टर एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। यह सफलता राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम और आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने का प्रेरक उदाहरण है।

डिप्टी कलेक्टरों के मध्य कार्य विभाजन में आंशिक संशोधन

सचिन जैन एवं रेखा देशमुख को विभिन्न शाखाओं का प्रभार सौंपा

नवभारत, मंडला। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, मंडला द्वारा प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से पूर्व में जारी कार्य विभाजन आदेश में आंशिक संशोधन किया गया है। इस संबंध में 15 अक्टूबर को संशोधित आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार, राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य कार्यों एवं शाखाओं का दायित्व निर्धारित किया गया है। शेष कार्य विभाजन यथावत रहेगा।

जारी आदेश के अनुसार, डिप्टी कलेक्टर सचिन जैन को प्रवाचक शाखा (कलेक्टर न्यायालय), राहत एवं धर्मस्व संबंधी कार्य, बाढ़ आपदा एवं आपदा प्रबंधन शाखा, जनसुनवाई, आवक-जावक शाखा तथा जिला संस्थागत वित्त का प्रभार सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त उन्हें स्वास्थ्य विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग के कार्यों की मॉनिटरिंग का दायित्व सौंपा गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे जाने वाले अन्य कार्यों का संपादन भी उनके द्वारा किया जाएगा।

नोडल अधिकारी नामांकित- इसी प्रकार, डिप्टी कलेक्टर रेखा देशमुख को नजूल अधिकारी, प्रधान प्रतिलिपिकार शाखा, सहायक अधीक्षक राजस्व/सामान्य/निरीक्षण सेल शाखा तथा वरिष्ठ लिपिक शाखा का प्रभार सौंपा गया है। साथ ही जिला, संभाग एवं प्रदेश स्तर पर आयोजित होने वाली बैठकों के लिए उन्हें नोडल अधिकारी नामांकित किया गया है।

आयुष्मान निरामयम् योजना से कुसुम बैरागी को मिली राहत

नि:शुल्क ऑपरेशन से दूर हुई पेट दर्द की समस्या

नवभारत, मंडला। प्रधानमंत्री आयुष्मान निरामयम् योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के हितग्राहियों को उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसी क्रम में जिले के मोहगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम सिगारपुर, सेक्टर देवगांव निवासी 63 वर्षीय कुसुम बैरागी को योजना के अंतर्गत नि:शुल्क उपचार का लाभ प्राप्त हुआ।

कुसुम बैरागी, पति अमरदास बैरागी, वर्ष 2025 से लगातार पेट दर्द की समस्या से पीड़ित थीं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उन्हें समुचित उपचार प्राप्त करने में कठिनाई हो रही थी। इस दौरान क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता एवं ए.एन.एम. द्वारा उन्हें प्रधानमंत्री आयुष्मान निरामयम् योजना की जानकारी दी गई तथा उपचार के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम के सहयोग से 29 अगस्त को उन्हें सुखसागर अस्पताल, जबलपुर में उपचार के लिए ले जाया गया। अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आवश्यक जांच के उपरांत ऑपरेशन किया गया। योजना के अंतर्गत उनका नि:शुल्क एवं सफल उपचार संपन्न हुआ।

उपचार के पश्चात कुसुम बैरागी को लंबे समय से चली आ रही पेट दर्द की समस्या से राहत मिली है।

शासकीय माध्यमिक शाला में की गई शैक्षणिक सामग्री वितरित

नवभारत, भुआ बिछिया। एकीकृत बालक शासकीय माध्यमिक शाला बिछिया में प्रयास शिक्षा समिति सिझौरा के द्वारा निशुल्क शिक्षण सामग्री पेन, कॉपी स्कूल बैग, ड्राइंग शीट, ड्राइंग के लिए कलर, आदि शिक्षक सामग्री निशुल्क प्रदान की गई।

कार्यक्रम के अध्यक्ष योगेश यादव पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष, हेमशिंह मरावी ,मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी नरेश राजपूत, विशिष्ट अतिथि के रूप में विराजमान अशोक वाजपेई



प्रिंसिपल हाईस्कूल मांझीपुर ,प्रयास शिक्षा समिति अध्यक्ष उत्तरा पड़वार की गरिमामय उपस्थिति से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं सभी सम्मानीय अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती जी के तेल चित्र पर तिलक वंदन,द्वीप प्रज्वलित का किया गया। सेवा के इस तरह के कार्यक्रम बालक माध्यमिक शाला बिछिया की प्रधानाध्यापक सीमा राजपूत के विशेष प्रयास और उनकी सेवा में लग्न एवं निष्ठा के कारण शाला में आयोजित किए जाते हैं जिसमें वह विभिन्न एनजीओ एवं समाज सेवी संस्थाओं से संपर्क करके अपनी शाला के वंचित और गरीब बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए सुविधा देने का अथक प्रयास करते रहती हैं। उन्होंने इस बार राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित उत्तरा पड़वार वरिष्ठ समाज सेवी अध्यक्ष प्रयास शिक्षा समिति जो विगत कई वर्षों से समाज के पिछले निर्धन और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है।

चर्चा

यात्रियों की समस्याओं और रेल सुविधाओं के विस्तार पर हुई चर्चा

मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन पर रेल जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित

नवभारत, मंडला। भारतीय रेल के विशेष अभियान-6 के अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन पर आज 'रेल जनसंवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्यों, रेल विकास समिति मंडला के पदाधिकारियों, नागरिकों, रेल यात्रियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्टेशन की वर्तमान सुविधाओं, यात्री समस्याओं और भविष्य में रेल सेवाओं के विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम का संचालन स्टेशन प्रबंधक आर.के. श्रीवास्तव एवं विनय सिन्हा द्वारा किया गया। प्रारंभ में आर.के. श्रीवास्तव ने मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन पर अमृत



भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत हुए विकास कार्यों तथा उपलब्ध यात्री सुविधाओं की जानकारी दी। इसके पश्चात समिति के सदस्यों एवं उपस्थित यात्रियों ने अपनी समस्याएं, आवश्यकताएं और सुझाव रखे। रेल अधिकारियों ने यात्रियों एवं नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों और शिकायतों को सुना। साथ ही स्टेशन पर स्वच्छता, यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा व्यवस्थाओं में सुधार पर भी चर्चा की गई। जनसंवाद के दौरान रेल विकास समिति मंडला ने मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन को एक सुविधायुक्त एवं विकसित टर्मिनल स्टेशन के रूप में तैयार करने तथा मंडला एवं डिंडोरी जिले की रेल कनेक्टिविटी बेहतर बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

बेहतर होगी कनेक्टिविटी- समिति का कहना है कि मंडला फोर्ट स्टेशन पर यात्री सुविधाओं और रेल सेवाओं का विस्तार होने से मंडला एवं डिंडोरी जिले के नागरिकों, व्यापारियों, विद्यार्थियों तथा नौकरीपेशा यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा। साथ ही, क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी बेहतर होने से स्थानीय व्यापार एवं आर्थिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

नियमित एक्सप्रेस बनकर दौड़ेगी रानी कमलापति-अगरतला ट्रेन

जबलपुर। मध्य प्रदेश से पूर्वोत्तर भारत की यात्रा करने वाले रेल यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। रेलवे ने रानी कमलापति-अगरतला साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को नियमित साप्ताहिक एक्सप्रेस के रूप में संचालित करने का निर्णय लिया है। अब यह ट्रेन नए नंबर के साथ पटरी पर दौड़ेगी, जिससे यात्रियों को नियमित रेल सेवा का लाभ मिलेगा।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मण्डला जिला-मण्डला

सार्वजनिक सूचना

प्रकरण क्रमांक- 0304/अ-6(अ)/ 2026-27

आवेदक सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक चेतराम पटैल पिता दरबारी निवासी ग्राम अचली तहसील व जिला मण्डला का निवासी है जिसमें ग्राम अचली स्थित भूमि के ऑन लाईन खसरे में 87/1 रकबा 0.07 है, भूमि में पोर्टल में प्रदर्शित नहीं हो रही है जिसे सुधार किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है, प्रकरण न्यायालय में गतिशील है। अतः तहसीलदार द्वारा प्रस्तावित खसरे में सुधार किए जाने के संबंध में कोई आपत्ति, दावा या हक / हिस्सा हो तो वह इस इश्तेहार के प्रकाशन की तारीख से 05/11/2026 दिनांक के भीतर अपने दावे आपत्ति के समर्थन में आवश्यक दस्तावेजों सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर उपलब्ध राजस्व अभिलेख एवं दस्तावेजों के आधार पर नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जाएगी।

स्थान- मण्डला
दिनांक- 22/10/2026

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
मण्डला जिला-मण्डला

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र, सर्व शिक्षा अभियान
जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर, कलेक्ट्रेट रोड, मण्डला (म.प्र.)

प.क्र./एस.एस.ए./ मूल्या./निविदा /2026 /1355 — मण्डला, दिनांक 22/10/2026

मुद्रण कार्य हेतु अल्पकालीन निविदा आमत्रंण

उपरोक्त कार्यालय द्वारा मूल्याकंन संबंधित विभिन्न सामग्री का मुद्रण कार्य एवं लिफाफा पेकिंग कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 12/10/2026 को निविदा आमंत्रित की गई थी जिसे अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर पुनः निविदा दिनांक-29/10/2026 को समय-1.00 बजे तक सील बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित किये जाते है निविदा उसी दिन 3.00 बजे खोली जावेगी। निविदाकारो द्वारा पूर्व निविदा के साथ लगाये गये अमानत राशि का डीडी/बैंकर्स चेक मान्य कर लिये जावेगें। अतः इच्छुक फर्म विस्तृत जानकारी एवं शर्ते राशि 1000.00 रूपये जमा कर दिनांक-29/10/2026 को समय-12.00 बजे तक कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है।

जिला परियोजना संचालक
जिला शिक्षा केन्द्र,मण्डला